





# तीन वर्ष से एक ही स्थान पर जमे छात्रावास अधीक्षक हटेंगे

## नगरीय निकाय करें निराश्रित गौवंश का विस्थापन



नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने कहा है कि अभियान मोड में सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौवंश के गौशालाओं में विस्थापन की कार्यवाही निरंतर रूप से की जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय निकाय क्षेत्र अथवा बाजार की सड़कों पर गौवंश का विचरण न हो।**

इसके लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी सतत निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध का जायजा लें। सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के उद्देश्य से टीम गठित कर प्रतिदिन सुबह शाम हांका लगवाने की कार्यवाही भी की जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के अवसर पर उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने हर गौशालाओं में सीसीटीव्ही कैमरा के माध्यम से निगरानी तथा अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित व्यवस्था के लिए पाबंद करने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को विद्युत संबंधी शिकायतों के अविलंब निराकरण तथा अधिक संख्या में लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों वाले विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में शिकायतों के समुचित निराकरण के सख्त निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि मांग आधारित शिकायतों के अतिरिक्त अन्य शिकायतों को फोर्स क्लोज करने की प्रवृत्ति से बचें। मंगलवार की जनसुनवाई में जिला मुख्यालय अथवा खंड स्तर पर 50 एवं 100 दिवस से अधिक समयावधि की शिकायतों का आवेदक की उपस्थिति में प्रभावी निराकरण किया जाए। प्रत्येक नगरीय निकाय में सड़कों की मरम्मत कराने तथा दुकानों के सामने से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए भी कहा। इसके अलावा पुरानी शिकायतों का अधिकारियों द्वारा स्वयं अवलोकन कर निराकरण करने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी दिए।

छात्रावास अधीक्षक एवं वार्डन के प्रभार में करें परिवर्तन:- कलेक्टर ने छात्रावास की व्यवस्थाओं की सीसीटीव्ही कैमरा से निगरानी सहित तीन वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्थ छात्रावास अधीक्षक एवं वार्डन के प्रभार में परिवर्तन के संबंध में भी चर्चा की। जिला कलेक्टर ने अविद्युतीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र एवं स्कूल भवनों में भी आवश्यक इंतजाम, विभिन्न विकास कार्यों के लिए मिली राशि के सदुपयोग, जल जीवन मिशन परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन तथा न्यायालयीन प्रकरणों में तय समयावधि में वांछित कार्यवाही के निर्देश दिए। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण को नगरीय निकायों की बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करने तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा समाधान ऑनलाइन के विषयों तथा लंबित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों के निराकरण की समीक्षा कर समग्र ई-केवायसी कार्य में निरंतर प्रगति लाने, ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कैम्प के लिए आवश्यक कार्यवाही तथा आगामी दिवसों मे डीएलसीसी बैठक आयोजन के लिए भी निर्देशित किया।

# नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण प्रारंभ नहीं होने पर कमिश्नर ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में नवीन आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कार्य अप्रारंभ होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।**

कमिश्नर ने संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग सागर संभाग को निर्देश दिए कि वे नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में आ रहे गतिरोध की जानकारी संबंधित जिलों के कलेक्टरों के संज्ञान में लाएं तथा जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से प्रारंभ कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में अप्रारंभ आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण प्रक्रिया में गति लाई जाए। बैठक में कमिश्नर ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इस योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने निवाड़ी, टीकमगढ़ तथा पन्ना जिलों में योजना की प्रगति में गति लाने के निर्देश दिए।

# आज से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत दिवस मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत मंगलवार से शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर जाने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।**

इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भी बीएलओ की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के संबंध में विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सोमवार को बीएलओ सहित बीएलओ सुपरवाईजर एवं नवसृजित मतदान केन्द्रों के बीएलओ का जरूरी प्रशिक्षण भी संपन्न हो गया है। निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर संपन्न प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीएलओ को आयोग के निर्देश अनुरूप मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य आवश्यक समन्वय सहित निष्पक्षता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अब 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर पहुंचकर प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक का वितरण किया जाएगा। इसमें मतदाता अपनी जानकारी दर्ज कर पत्रक को वापस करेंगे। गणना पत्रक के साथ किसी प्रकार का दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 9 दिसम्बर से 8 जनवरी के दौरान नए मतदाताओं के नाम भी जोड़े जाएंगे। मृत, दोहरे अथवा विस्थापित मतदाताओं के नाम हटाने के साथ आवश्यक संशोधन का कार्य भी किया जाएगा। 9 दिसम्बर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर 8 जनवरी तक निरंतर दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा।

## राजापुर में आवासहीनों के लिए बनेंगे भवन, स्थल निरीक्षण कल

पन्ना 3 नवंबर। एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी ने पत्र जारी करते हुए उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत ग्राम पंचायत राजापुर में सरपंच के अनुरोध के अनुसार आवास हीन परिवारों के लिए शासकीय जमीन के खसरा नंबर 784/1 रखवा 2 हैकटेयर शासकीय भूमि को आबादी घोषित करते हुए पात्र आवास हीनों को आवास भवन निर्माण किया जाना है जिसका स्थल निरीक्षण 5 नवंबर को किया जाएगा। एसडीएम ने तहसीलदार देवेंद्रनगर उपयंत्री ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव पटवारी तथा राजस्व निरीक्षक को उपस्थित होने के लिए आदेश किया है इसी दिन लेआउट करके भूमि आवंटन की जाएगी।

# छत्रसाल महाविद्यालय में चित्र प्रदर्शनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत चित्र/फोटो प्रदर्शनी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



इस प्रतियोगिता का विषय था मध्यप्रदेश के विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थल। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं प्रदर्शनी का निरीक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, कला और पर्यटन की समृद्ध परंपरा हमारे गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्र न केवल सृजनात्मकता का उदाहरण हैं, बल्कि यह राज्य के विकास और गौरवशाली विरासत के प्रति उनकी गहरी समझ और लगाव को भी दर्शाते हैं। कला के माध्यम से समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता का प्रसार होता है। पूरे कार्यक्रम का संयोजन डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में राज्य के प्रति गौरव और कलात्मक अभिव्यक्ति की भावना विकसित होती है। इस प्रदर्शनी के आयोजन में डॉ. पियूषा शर्मा, डॉ. अरविंद मंडलिया, डॉ. अनुराधा चैरसिया एवं डॉ. पुष्पराज चैरसिया की टीम का विशेष योगदान रहा।

## एमपी ई-सेवा पोर्टल से मिल सकेंगी 56 विभागों की 1700 सेवाएं

पन्ना 3 नवंबर। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप' का शुभारंभ कर डिजिटल गवर्नेंस के क्षेत्र में नई क्रांति का आगाज किया। यह एकीकृत नागरिक सेवा मंच अब 56 विभागों की 1700 से अधिक सरकारी सेवाओं और योजनाओं को एक ही डिजिटल विंडो पर उपलब्ध कराएगा। 'एमपी ई-सेवा' के माध्यम से वर्ष 2026 तक शत प्रतिशत ई-सेवा डिलीवरी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पोर्टल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के सेंटर फॉर एक्सीलेंस ने विकसित किया है।

# जिम्मेदारों की निष्क्रियता के चलते रिक्त पदों पर नहीं हो रही अतिथि शिक्षकों की भर्ती

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 3 नवंबर। विकासखंड गुनौर अंतर्गत शिक्षा विभाग में शिक्षकों के सेवानिवृत होने से एवं कुछ शिक्षकों का सीएसी पद पर प्रतिनियुक्ति में चले जाने के बाद उनकी जगह पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति होने का प्रावधान है इन रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए पहल करना संस्था प्रभारी की ही जिम्मेदारी है।**

लेकिन संस्था प्रभारी की निष्क्रियता, लापरवाही, एवं अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के चलते एवं वेपरवाह मॉनिटरिंग अधिकारियों के कारण शिक्षकों के रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पा रही है। निश्चित है कि शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। किंतु इन संस्था प्रभारियो को पढ़ाई लिखाई से कोई मतलब न होने से उनके द्वारा आज तक शासन के आदेश अनुसार रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जो इन शाला प्रभारियो की अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का खुला प्रमाण है। कुछ मामले ऐसे भी सुनने में आए हैं कि कुछ संस्था प्रभारियों ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की मिली भगत से अपने निजी हितेशियों की पोर्टल पर नियुक्ति कर ली है किंतु मौके पर पोर्टल में पद रिक्त ना होने का हवाला देकर नियुक्ति नहीं हो पा रही है ऐसी बता रहे हैं। इस संबंध में सत्यता क्या है यह विभाग के जिम्मेदार ही बता सकते हैं।

# अजयगढ़ में सुपरवाइजर, बीएलओ गणना प्रपत्र की ट्रेनिंग आयोजित

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 3 नवंबर। आज दिनांक 3 नवंबर 2025 को बी एल ओ एवं सुपरवाइजर की एस आई आर और गणना प्रपत्र की ट्रेनिंग अजयगढ़ में दो सेंटर पर संपन्न हुई।**



एक सेंटर जनपद सभागार जनपद पंचायत अजयगढ़ और दूसरा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय अजयगढ़ में दो-दो बैच में ट्रेनिंग संपन्न हुई उत्कृष्ट विद्यालय में मास्टर ट्रेनर के रूप में अरविंल कुजूर प्राचार्य महाविद्यालय अजयगढ़ नंदपाल सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी इंद्रेश कुमार अवस्थी प्राचार्य नरदहा तथा जनपद पंचायत सभागार में जेपी अहिरवार सहायक प्राध्यापक दिनेश यादव सहायक अध्यापक और नीतेश कुमार गुप्ता उच्च माध्यमिक शिक्षक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयगढ़ रहे ट्रेनिंग के दौरान तहसीलदार सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा ट्रेनिंग सेंटरों का निरीक्षण किया गया समय 10.30 से 1 बजे तक 2.00 वजे से 4.30 वजे तक रहा सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने दोनों ट्रेनिंग सेंटर में जाकर ट्रेनिंग की जानकारी ली एवं मास्टर ट्रेनर को आवश्यक चुनाव आयोग के दिशा निर्देश दिए और सभी वी एल ओ से कहा कि कल से घर-घर जाकर मतदाता सूचियां का मतदाताओं का सत्यापन करें और नाम जोड़ने में आवश्यक दस्तावेज लेकर सरलता से नाम जोड़े जाए और काटने के लिए भी सात नंबर फॉर्म भरकर उनके नाम काटे जाएं सूची में नाम जोड़ना और काटना पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सुपरवाइजर भी अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर देखें की वी एल ओ अपना सही काम कर रहे हैं या नहीं समय-समय पर मैं भी मतदाताओं से मिलकर कार्य की प्रगति का अवलोकन करेंगे



# जश्न-ए-रहमते आलम कॉन्फ्रेंस का अजयगढ़ में आगाज

## बाहर से आए उलमा करेंगे तकरीर होगी नात खानी

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 3 नवंबर। जशन रहमते आलम कॉन्फ्रेंस का आयोजन सर जमीनी अजयगढ़ में एक रोज अजीम ओ शान जलसा का आगाज किया गया है जो बात क्रमांक एक टिकरिया मोहल्ला के मैदान में बाद नमाज ईशा शुरू होगा।**

4 नवंबर को जो जेरे सर परस्ती सैयद शाह हस्सान विन नूर बस्ती सज्जाद नशीन खानकाहे इस्लामिया अआस्ताना ए फलक मसौली शरीफ बाराबंकी रहेंगे अनमोल नाम में डॉक्टर रुहुल अमीन कादरी साहब जबलपुर मोहम्मद फजलुर्रहमान कादरी मुफ्ती नानपारा जतारा शरीफ शहजाद रजा कादरी किबला कौशांबी इलाहाबाद शायरी अहले सुन्नत बुलबुले वागे रजा कैसर रजा कादरी जबलपुर मोहम्मद हारुन अव्दुल वाहिद टीकमगढ़ इफ्तार अहमद मुनव्वर रजा कादरी मु फहीम रजा अव्दुल जव्वार अव्वदुल रऊफ मुहम्मद नफीस मुहम्मद मुजीव मुहम्मद रमजान अव्वदुल हफीज तमाम उलमा मौलाना तशरीफ़ लाएंगे आयोजक कमेटी ने सभी से गुजारिश की है ज्यादा तादात में वक्त पर पहुंचकर तकरीर और नात सुने और सवावेदारेन हासिल करे 4 नवंबर को टिकुरिया मोहल्ला में होने वाले जलसे की तैयारी पूरी तरह से मुकम्मल हो रही।

# पुलिस ने हेलमेट एवं यातायात नियमों सम्बंधी एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर किया आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल के आदेशानुसार समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने एवं दो पहिया वाहन चलाते सयम हेलमेट पहनने की अनिवार्यता के संबंध में निर्देश प्राप्त हुये हैं।**



जिस अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती बंदना सिंह चैहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को यातायात नियमों का अनिवार्य रुप से पालन करने साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, प्रशिक्षण में उपस्थित अधि/कर्मचारियों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने और हेलमेट की अनिवार्यता को सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। हाल के दिनों में, यह देखा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसका एक मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न पहनना है। सभी दो पहिया वाहन चालकों और पीछे बैठी सवारी (पिलियन राइडर) के लिए आई.एस.आई. मार्क वाला हेलमेट पहनना अनिवार्य है। साथ ही हेलमेट को सही तरीके से लगाना और उसकी स्ट्रिप (पट्टा) बांधना आवश्यक है साथ ही चार पहिया वाहन (कार) में चालक सहित सभी यात्रियों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है।



# संदीपनी प्रोफेशनल कॉलेज पवई में मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**पवई 3 नवंबर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर संदीप ने प्रोफेशनल कॉलेज पवई में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री रमेश बहरे जी, कॉलेज संचालक दीपांशु बड़ेरिया, अजय प्रताप सिंह की गरिमा में उपस्थिति रही।**

सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्राजूलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई एवं एकल गायन सामूहिक गायन एवं भाषण प्रतियोगिता का मंचन किया गया। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की रूपरेखा कॉलेज की अध्यापिका कु. स्वेच्छा पाठक द्वारा प्रस्तुत की गई।

मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार नामदेव एवं आए हुए अतिथियों का आभार सुशील मिश्रा जी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सांस्कृतिक प्रभारी इस्माइल मोहम्मद का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तनु विश्वकर्मा, लक्ष्मी पटेल, दीपांजलि सेन, रंजना सेन, नरेंद्र कुमार, शिवा चौधरी, मनीषा चौधरी, अमिता, आराधना पटेल, पुष्पा चौधरी, रिचा पटेल, रानी लोधी, शालू, शिवानी, ओम प्रकाश आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# लूट की दो घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। पन्ना जिला पुलिस ने पन्ना तथा पवई थाना क्षेत्रों मे दो अलग अलग लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।**

हासिल जानकारी के अनुसार पन्ना पुलिस ने लूट की गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, नगद राशि एवं घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त किया गया है। दिनांक 02 सितंबर को शाम लगभग 04.00 बजे फरियादी देशराज आदिवासी पिता कुसालू आदिवासी निवासी ककरहटी थाना देवेन्द्रनगर अपने रिश्तेदारों के यहां जैतूपुर अमानगंज से घर लौट रहा था। इसी दौरान बराछ धनगढ़ तिराहा के पास मेन रोड पर एक बिना नंबर की प्लेटिना मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने फरियादी को धमकाते हुये उसकी शर्ट की जेब से मोबाइल फोन और नकद 500 रूपये छीन लिए। फरियादी द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी लूट ली। फरियादी को रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में धारा 309(4) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

टीआई पन्ना रोहित मिश्रा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की सहायता एवं मुखविर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थान पर दबिश देकर 01 संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों यशपाल सिंह बुंदेला उर्फ राजा बुंदेला, निवासी अगोरा, थाना सिविल लाइन, जिला दतिया एवं अभिराज सिंह उर्फ अभी सिंह, निवासी बडौनी, थाना बडौनी जिला दतिया के साथ घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। पुलिस टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही करते हुये दतिया जिले से दोनों सहआरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों पंकज सिंह उर्फ राव साहब परमार, पिता बसंत सिंह परमार, उम्र 23 वर्ष, निवासी बराहो, थाना पवई, जिला पन्ना (म.प्र.), यशपाल सिंह बुंदेला उर्फ राजा बुंदेला, पिता अनूप सिंह बुंदेला, उम्र 25 वर्ष, निवासी अगोरा, थाना सिविल लाइन, जिला दतिया (म.प्र.), अभिराज सिंह उर्फ अभी सिंह, पिता कृष्णपाल सिंह बुंदेला, उम्र 18 वर्ष 04 माह, निवासी बडौनी, थाना बडौनी, जिला दतिया (म.प्र.) ने लूट की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने लूटी गई मोटरसाइकिल गुनौर स्टेडियम परिसर में छिपा रखी है। पुलिस द्वारा मौके से एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। साथ ही, पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा पवई थाना के अपराध क्रमांक 379/25 एवं 23/25 मे पवई थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना करना स्वीकार किया, जिसके संबंध में थाना पवई द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में पन्ना की स्थिति ठीक नहीं : सुचारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के नगरीय क्षेत्रों में संचालित दीनदयाल रसोई और मोबाइल रसोई योजना का क्रियान्वयन और अधिक बेहतर व पारदर्शी ढंग से करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।**

कमिश्नर ने कहा कि इस योजना के तहत गरीब और कमजोर तबके के लोगों को सस्ते दरों पर भोजन मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का सागर संभाग में प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। कमिश्नर ने मोबाइल रसोई योजना का भी बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा कि मोबाइल रसोई योजना मजदूरी करने वाले लोगों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक अच्छी योजना साबित हुई है। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी कराया जाए तथा मजदूरों को उनके कार्य स्थल पर स्वच्छ और शुद्ध भोजन सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर श्री सुचारी ने उक्त निर्देश आज नगरीय प्रशासन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने नगरीय क्षेत्रों में आश्रय शालाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि आश्रय शालाओं में अच्छी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। आश्रय शालाओं में रहने वाले लोगों का समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन ने बताया कि सागर संभाग में 20 दीनदयाल रसोई घर संचालित हैं।

# दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मजदूरी की नवीन दरें निर्धारित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 3 नवंबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने श्रमायुक्त म.प्र. शासन इन्दौर की गत एक अक्टूबर को जारी अधिसूचना के परिपालन में शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए एक अक्टूबर 2025 से मासिक एवं दैनिक वेतन की नवीन दरें निर्धारित की हैं।**

इसमें परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी शामिल है। अब निर्धारित वेतन दर अनुसार अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को 12 हजार 150 रूपए प्रतिमाह एवं राउण्ड अप कर 405 रूपए दैनिक दर निर्धारित की गई है। इसी तरह अर्धकुशल कर्मचारियों के लिए 13 हजार 146 रूपए प्रतिमाह एवं 438 रूपए दैनिक दर, कुशल कर्मचारियों के लिए 14 हजार 869 रूपए प्रतिमाह एवं 496 रूपए दैनिक दर तथा उच्च कुशल कर्मचारियों के लिए प्रतिमाह 16 हजार 494 रूपए एवं 550 रूपए दैनिक दर का निर्धारण किया गया है।